# किसानों के लिए मुख्यमंत्री साय की बड़ी पहल माह मिलेगा 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया

◆ चालू खरीफसीजन में अब तक 6.39 लाख टन यूरिया वितरित, गत वर्ष इसी अवधि में हुआ था 6.17 लाख टन का वितरण



रायपुर 02 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर किसानों के हित में एक बड़ी राहत मिल रही है। भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया का आबंटन स्वीकृत किया है। इसमें सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में 20 हजार टनए द्वितीय सप्ताह में 35 हजार टन और शेष 5 हजार टन की आपूर्ति माह के अंत तक सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों की हर आवश्यकता पर राज्य सरकार संवेदनशील है और यह अतिरिक्त आबंटन उनकी खरीफफसलों को सुरक्षित रखने में सहायक होगा।

मार्कफेड अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफसीजन के लिए 28 अगस्त की स्थिति में सहकारी क्षेत्र में 3 लाख 91 हजार 79 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 563 मीट्रिक टनए इस तरह कुल 7 लाख 2 हजार 642 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण किया गया है। इसके विरुद्ध 6 लाख 38 हजार 599 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरित किया जा चुका है। इसमें 3 लाख 42 हजार 444 मीट्रिक टन सहकारी क्षेत्र और 2 लाख 96 हजार 155 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र से वितरण शामिल है। यह आँकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुए 6 लाख 17 हजार 798 मीट्रिक टन वितरण से अधिक हैए जो इस बार की बेहतर आपूर्ति व्यवस्था का प्रमाण है।

प्रदेश में किसानों के लिए नैनो खाद की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 78 हजार 919 और निजी क्षेत्र में 1 लाख 12 हजार 140ए इस तरह कुल 2 लाख 91 हजार 59 बॉटल नैनो यूरिया का भंडारण हुआ है। इसी प्रकार सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 809 और निजी क्षेत्र में 79 हजार 810ए कुल 2 लाख 38 हजार 619 बॉटल नैनो डीएपी संग्रहित किया गया है। अब तक किसानों को 2 लाख 32 हजार 652 बॉटल नैनो यूरिया और 1 लाख 85 हजार 136 बॉटल नैनो डीएपी वितरित किया जा चुका है।

प्रदेश में चालू खरीफसीजन के लिए भारत सरकार ने 14ण्62 लाख टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके विरुद्ध सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में 15.64 लाख टन का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के आधार पर किसानों को अब तक 13.19 लाख टन खाद वितरित किया गया है। यह व्यवस्था बताती है कि समितियों और निजी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं और किसानों को किसी तरह की कठिनाई नहीं होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि खरीफसीजन में किसानों को खाद की आपूर्ति उनकी समयबद्ध जरूरतों के अनुरूप प्राथमिकता से की जा रही है।

# चना खरीदी का आप्शन टेंडर जारी बड़े व्यापारी ठेका लेने हुए सक्रिय

◆ आदिवासी जिलों में राशन दुकानों के माध्यम से किया जाएगा वितरण

◆ 50 करोड़ से अधिक के टैंडर के लिए व्यापारी हो रहे लामबंद

रायपुर, 02 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)।। छग में मॉडल क्षेत्र कहे जाने वाले आदिवासी जिलों में चना का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सरकार द्वारा अधिकारिक रूप से केबिनेट में निर्णय लिया गया है। जिसके तहत नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा वर्ष 2025 26 के लिए चना क्रय हेतु आप्शन टैंडर जारी कर दिया गया है।

नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार छग में करीब पांच सौ क्विं. से अधिक चना की खरीदी की जाएगी जिसका मूल्य 50 करोड़ से अधिक होने की संभावना है। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है इच्छुक पार्टियां 1 सितंबर को अपना निविदा फार्म भर सकती है। आठ सितंबर को निगम के मुख्यालय अटल नगर में इस पर चर्चा होगी। अंतिम तिथि 12 सितंबर रखी गई है। इच्छुक निविदाकार इसमें निर्धारित शर्तों के साथ आवेदन दे सकते हैं। इसकी निविदा 29 सितंबर को खोली जाएगी। प्रबंध संचालक के अनुसार इसके लिए निगम के वेबसाइट में आवश्यक शर्तों का पालन किया जा सकता है।

निविदा लेने के लिए सिंडीकेट हुआ सक्रिय

राजधानी के चना आपूर्तिकर्ताओं ने टेंडर लेने के लिए अपना सिंडीकेट बना लिया है। जिसके तहत उच्च राजनीति पहुंच के आधार पर यह टैंडर लेने के लिए सत्तारूढ़ दल और नागरिक आपूर्ति मंत्री के निवास में बोली लगाने वालों का गिरोह सक्रिय हो गया है। केबिनेट में इसको लेकर आदिवासी मंत्रियों में काफी विवाद हुआ था लेकिन बाद में इसे हल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र से ही कई इच्छुक व्यापारी ठेका लेने के लिए प्रयासरत है जिसके लिए काफी उठापटक चल रही है। आदिवासी बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए इसका वितरण किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकानों से इसका वितरण किया जाएगा। छग में आदिवासी बच्चों को चना दिया जाएगा। प्रदेश में कुल 12 से अधिक नोटिफाइल जिले है जिसमें आदिवासी रहते हैं।

## रायपुर प्रेस क्लब में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 3 से

रायपुर, 02 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)। विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता स्वर्गीय विनय शर्मा की स्मृति में तीन दिवसीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 3 से 5 सितंबर 2025 तक प्रेस क्लब परिसर में होगा।

प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 सितंबर को अपराह्न 3 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं प्रेस क्लब के पूर्व महासचिव श्री गोकुल सोनी करेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में दैनिक भास्कर के स्थानीय संपादक श्री हर्ष पांडेय उपस्थित रहेंगे।

इस वर्ष फोटोग्राफी प्रतियोगिता चार कैटेगरी में आयोजित की जा रही है। इसमें 25 सालों का छत्तीसगढ़, हेरिटेज, नेचर और ड्रोन फोटोग्राफी (विशेष कैटेगरी) शामिल है। प्रतियोगिता में मीडिया जगत से जुड़े कुल 31 फोटोग्राफर भाग ले रहे हैं। ड्रोन से खींची गई तस्वीरें पहली बार प्रतियोगिता में शामिल की गई हैं। इसके साथ ही स्व. विनय शर्मा द्वारा खींची गई चुनिंदा तस्वीरों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर और महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय ने बताया कि प्रदर्शनी का समय प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक रहेगा। यह प्रदर्शनी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी खुली रहेगी। श्री ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन न केवल फोटोग्राफरों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि शहरवासियों को छत्तीसगढ़ की धरोहर, प्रकृति और राज्य के बदलते स्वरूप को कैमरे की नजर से देखने का अवसर मिलेगा।

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने 50सीटर अल्पसंख्यक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का किया निरीक्षण

रायपुर, 02 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)।। राज्य अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए प्रदेश के अन्य जिलों से राजधानी रायपुर आकर पढ़ने वाले छात्रों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है पूर्व में तैयार 50 सीटर छात्रावास जिसका उपयोग आरम्भ नहीं हुआ था प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिनांक 22 मई को 50 सीटर छात्रावास का उद्घाटन पिछले दिनों किया गया था वर्तमान में छात्रावास में आ.जा.क. विभाग द्वारा संचालित प्रयास योजना के अन्तर्गत शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों का रखा गया है।

श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग और सचिव एम.आर. खान के साथ 50 सीटर अल्पसंख्यक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का निरक्षण करने पहुंचे इस दौरान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष छाबड़ा हॉस्टल की वर्तमान व्यवस्था को देखा जिसमें छात्रावास के रखरखाव, व्यवस्था, छात्रों के आवासीय कक्ष, साथ ही मेस का निरक्षण किया गया इस दौरान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा द्वारा प्रयास के बच्चों और अल्पसंख्यक आयोग से अध्ययनरत बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया साथ ही प्रयास के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की विभाग द्वारा प्रदत्त पुस्तके भी भेट की राज्य अल्पसंख्यक आयोग जल्द ही अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों का हॉस्टल में प्रवेश अतिशीघ्र प्रारंभ करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### कर्मचारियों को मिल रहा टेक्नोलॉजी दक्षता का प्रशिक्षण

रायपुर, 02 सितंबर (दण्डकारण्य समाचार)।। प्रोजेक्ट दक्षः हम होंगे स्मार्ट' अब एक नई दिशा और पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप इस परियोजना के माध्यम से जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। प्रोजेक्ट दक्ष के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता,लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा एवं कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया गया।

## मकान और दुकान नगर निगम से स्वीकृत तथा नियमों के अनुरूप हों : महापौर

रायपुर, 02 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)।। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगरवासियों से अपील की है कि वे शहर में मकान या दुकान का चयन केवल उन्हीं स्थलों पर करें, जो नगर निगम से स्वीकृत और नियमों के अनुरूप हों। उन्होंने कहा कि नागरिकों को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि जहाँ वे दुकान या मकान ले रहे हैं, वहाँ पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हो, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि रायपुर शहर के किसी भी स्थान पर मकान अथवा दुकान खरीदने से पूर्व संबंधित स्थल का लैंड यूज़ (भूमि उपयोग), स्वीकृति और वैधता की जानकारी अवश्य लेनी चाहिए, ताकि आगे चलकर किसी भी प्रकार की कार्यवाही अथवा असुविधा का सामना न करना पड़े।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने आज बूढ़ातालाब (स्वामी विवेकानंद सरोवर) के नए बायपास मार्ग से सटी बूढ़ातालाब चौपाटी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ नगर निगम एमआईसी सदस्य सर्वश्री महेन्द्र खोडियार, मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, अमर गिदवानी, दीपक जायसवाल, संतोष सीमा साहू, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, श्रीमती सरिता आकाश दुबे, श्रीमती संजना संतोष हियाल, श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, पार्षद श्री अजय साहू तथा जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह, उपअभियंता श्री योगेन्द्र साहू और श्री हिमांशु चंद्राकर उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान वहाँ बनी 50 दुकानों में से 3 दुकानें खुली हुई पाई गईं। महापौर ने देखा कि वहाँ भारी गंदगी और साफ-सफाई की कमी थी, साथ ही वाहन पार्किंग प्रबंधन का भी कोई उचित इंतजाम नहीं था। इस स्थिति पर असंतोष जताते हुए महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## गणेश प्रतिमाओं को लेकर हिन्दु संगठनों ने की एसपी से शिकायत

रायपुर, 02 सितम्बर । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गणेशोत्सव की धूम मची हुई है एक ओर जहां लोगों में गणेश प्रतिमाओं को देखने का उत्साह चरम पर है वहीं गणेश प्रतिमा का रूप बिगड़ाने को लेकर हिन्दु संगठनो ने एसी से इसकी शिकायत की है।

बा दें कि इस वर्ष गणेश पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। लेकिन शहर के अधिकतर ऐसे पूजा पंडाल हैं जहां कार्टून, बेबी डॉल, सहित देवियों को ऑफ शोल्डर ड्रेस पहने दर्शाया गया है। इसे लेकर हिंदू संगठनों और संत समाज ने विरोध दर्ज कराया है। सोमवार को समस्त हिंदू संगठन और संत समाज के लोग एसपी कार्यालय पहुंचें तथा इन प्रतिमाओं को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

हिंदू संगठनों ने एसपी से तत्काल इस मामले में कार्यवाई की मांग की है और सभी मूर्तियों का तुरंत विसर्जन कराए जानें की बात कही है। संगठनों का कहना है कि गणपति हमारे राजा हैं, ऐसे रूप में प्रतिमाएं स्थापित करना अपमानजनक है। यह सब सनातन धर्म और हिंदुत्व को कमजोर करने की साजिश है। असामाजिक तत्व इसमें शामिल हैं और जो उत्सव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## नवा रायपुर के पचेड़ा, तेन्दुआ, पोता में बनेगा नया औद्योगिक चिकित्सा, शैक्षणिक क्षेत्र

रायपुर, 02 सितम्बर (दण्डकारण्य समाचार)।। नवा रायपुर अटल नगर में शीघ्र ही नया औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। इसके लिए 150 से अधिक जमीन लैण्डयूज बदला जा रहा है। यह जमीन ग्राम पचेड़ा, पौता एवं तेन्दुआ गांव में है। आवास एवं पर्यावरण विभाग के अनुसार औद्योगिक शैक्षणिक एवं चिकित्सा क्षेत्र के लिए यह जमीन अधिकृत की जा रही है।

आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव के अनुसार बंबई के सुप्रसिद्ध बाम्बे हॉस्पिटल को 5 एकड़ जमीन का आबंटन किया गया है,इसे तीन वर्ष के अंदर बनाना होगा। वहीं आर्ट ऑफ लिविंग के महाराज को 40 एकड़ भूमि आबंटित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं सत्यसांई शिक्षा ट्रस्ट को 5 एकड़ अतिरिक्त भूमि दी गई है। लेयर 2 के तहत यहां पर उद्योगों की स्थापना की जाएगी। ज्ञात रहे यहां पर आवास एवं पर्यावरण विभाग ने अधिनियम 1973 के तहत कृषि योग्य भूमि का डावर्सन करने के लिए सूचना जारी कर दी है। ग्राम तेन्दुआ और पचेड़ा में कुल 73 और 29 एकड़ हेक्टेयर जमीन का लैण्ड यूज चेंज किया जा रहा है, इस तरह करीब सवा सौ एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा।

आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव के अनुसार जिस व्यक्ति अथवा संस्था को इस पर आपत्ति है वे 10 दिन के अंदर संभायुक्त कार्यालय कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक कार्यालय में आकर अपना दावा आपत्ति दे सकते हैं।

## डेरी संचालकों की बैठकः चारा महंगा, परिवहन में बाधा, जल्द बढ़ सकती है दूध की कीमतें

भिलाई, 02 सितम्बर । भिलाई के गोकुल नगर में रविवार को रायपुर और दुर्ग जिले के डेरी संचालकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेरी संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर गहरी चिंता जाहिर की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से जानवरों के परिवहन में आ रही दिक्कतें, पशु चारे की बढ़ती कीमतें और दूध की कीमतों में अपेक्षित वृद्धि जैसे मुद्दे उठाए गए। डेरी संचालक अशोक यादव ने बताया कि दुधारू पशुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाते समय कुछ असामाजिक तत्व वाहन रोककर बेवजह परेशान करते हैं, जिससे परिवहन प्रक्रिया बाधित हो रही है। इसके अलावा, पशु चारे के रूप में इस्तेमाल होने वाले पैरा व कुट्टी की कीमतों में हाल ही में भारी इजाफा हुआ है, जिससे पशुओं का पालन महंगा होता जा रहा है। यादव ने कहा कि लागत बढ़ने के बावजूद दूध की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई, जिससे डेरी व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। बैठक में मौजूद सभी डेरी संचालकों ने सहमति जताई कि जल्द ही दूध की कीमतों में वृद्धि की जाएगी, ताकि व्यवसाय को नुकसान से बचाया जा सके। साथ ही, डेरी संचालकों ने यह भी निर्णय लिया कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याएं सामने रखेंगे, जिसमें पशु परिवहन में आ रही परेशानियों का मुद्दा भी प्रमुख होगा।

## शक्ति बाला वेलफेयर फाउंडेशन का हुआ शुभारंभ

रायपुर, 02 सितंबर । आज हमारे नये सामाजिक संगठन शक्ति बाला वेलफेयर फाउंडेशन का शुभारंभ हुआ है। यह एक पंजीकृत एनजीओ है जिसके माध्यम से संस्था द्वारा समाज में महिलाओं एवं बच्चों के लिए शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं उचित अवसर चिकित्सा आदि उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जाता है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के संस्थापक श्रीमती श्वेता ठाकुर ने देते हुए बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। शिक्षण संस्थाओं का संचालन शिक्षा का प्रचार प्रसार छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास विज्ञान शिविरों का आयोजन एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए बुनाई सिलाई प्रशिक्षण ब्यूटी पार्लर मेहंदी, हस्तशिल्प एवं अन्य स्वरोजगार संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

## ड्रग्स तस्करों का अंतर्राज्यीय नेटवर्क ध्वस्त,अब तक दो दर्जन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 02 सितम्बर । रायपुर पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की अगुवाई में टिकरापारा, कबीर नगर और गंज थाने की संयुक्त कार्रवाई में पंजाब के बड़े सप्लायरों और स्थानीय नेटवर्क के दर्जनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने करोड़ों रुपए कीमत की हेरोइन (चिट्टा), एमडीएमए ड्रग्स, अफीम, हथियार, कार, मोटरसाइकिल और बड़ी संख्या में मोबाइल फ ोन जब्त किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह नेटवर्क पाकिस्तान से होकर पंजाब के रास्ते रायपुर तक सक्रिय था।

बता दें कि टिकरापारा थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 600/25 धारा 21सी, 29 नारकोटिक एक्ट के तहत पुलिस ने 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से करीब 1 करोड़ रुपए कीमत की 412.87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), कई मोबाइल फ ोन, क्रेटा कार (सीजी/04/क्यूएच/7491), तौल मशीन, सिल्वर रोल पेपर, जली हुई नोट, एटीएम कार्ड और चेकबुक जब्त किए गए। जांच के दौरान सामने आया कि इस नेटवर्क का संचालन पंजाब निवासी लवजीत सिंह कर रहा था, जिसे हेरोइन सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी चरणजीत सिंह उर्फ चांद और गुरजीत सिंह उर्फ गुरुजी (दोनों निवासी अमृतसर, पंजाब) थे। पुलिस ने दोनों को पंजाब से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया है।

इसी तरह थाना कबीर नगर में दर्ज अपराध क्रमांक 190/25 धारा 21सी, 21बी, 29 नारकोटिक एक्ट और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। एंटी क्राइम और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 91 ग्राम अफीम, 87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 1 कंट्री मेड पिस्टल, 82 जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त 4 मोबाइल फोन जब्त किए गए। जब्त सामग्री की कीमत लगभग 35 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले में मुख्य आरोपी रूपिंदर सिंह उर्फ पिंडर उर्फ पाबलो को सप्लाई करने वाले आरोपी अमृतसर जिले के मलियान गांव के रहने वाले जशनदीप सिंह उर्फ लव को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा थाना गंज क्षेत्र में दर्ज अपराध क्रमांक 222/25 धारा 21सी, 29 नारकोटिक एक्ट में 23 अगस्त को एंटी क्राइम यूनिट और गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने देवेंद्र नगर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे स्टेशन के पास एक सोनेट कार (सीजी 04 क्यूजे 5466) से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 27.58 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स, नगदी 85,300 रुपए, और 5 मोबाइल फोन जब्त किए गए। जब्त सामग्री की कीमत लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है। जांच में आरोपी अयान परवेज (निवासी यश विहार, मोती नगर, टिकरापारा, रायपुर) का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे घटना से संबंधित मोबाइल फ ोन भी जब्त किया।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 09,10,11/वलेलि/2025-26 जगदलपुर, दिनांक 29/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि रू. 1.50 लाख।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 01 | 174108 | बस्तर जिले के विकासखंड बकावण्ड के ग्राम राताखण्डी के समीप केराझोड़ी नाला में स्टापडेम निर्माण और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 263.15 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 174118 | बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर के ग्राम कुम्हली के समीप गणेशबहार नाला में एनीकट सह पुलिया निर्माण और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 290.43 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 174119 | बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर के ग्राम कावापाल के गणेशबहार नाला में स्टापडेम निर्माण और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 291.53 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 05.09.2025 17: 31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 19.09.2025 17:30 Hours

रिमार्कः- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज़ एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 05.09.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-252603159/3

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 12,13,14/वलेलि/2025-26 जगदलपुर, दिनांक 01/09/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि रू. 1.50 लाख।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 01 | 174212 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के कोटगढ नाला पर राउतपारा के ऊपर ग्राम पखनाकोंगेरा में स्टापडेम निर्माण कार्य और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 274.31 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 174213 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के कोटगढ़ नाला पर ग्राम पखनाकोंगेरा में मावलीमाता के पास एनीकट निर्माण कार्य और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 275.92 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 174214 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के ग्राम कोटगढ़ के समीप कोटगढ़ नाला पर कोटगढ़ मंदिर एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 293.79 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 08.09.2025 17: 31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 22.09.2025 17:30 Hours

रिमार्कः- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज़ एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 08.09.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-252603184/1